गया में 16,500 करोड़ के निवेश की क्षमता वाली मैन्युफैक्चरिंग सिटी विकसित होगी : सीएम

❒ डोभी में 1,670 एकड़ में बनेगा औद्योगिक केंद्र ❒ 1.10 लाख रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना

बोधगया (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को बोधगया में बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी गया लिमिटेड (बीआईएमसीजीएल) का शुभारंभ किया। इस अवसरपर बिहार बिजनेस कनेक्ट-2027 के कर्टेन रेजर समारोहका भी आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने परियोजना का लोगो जारी करने के साथ वेब पोर्टल लान्च किया। उन्होंने कहा कि बिहार उद्योगों की स्थापना और निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है। निवेशकों को राज्य के प्रति अपनी सोच बदलकर यहां उपलब्ध संभावनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कारिडोर के तहत गया जिले के डोभी प्रखंड में 1,670 एकड़ भूमि पर मैन्युफैक्चरिंग सिटी विकसित की जाएगी। इसमें लगभग 16,500 करोड़ रुपये के निवेशकी क्षमता है और करीब 1.10 लाख रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उद्योग एवं आधारभूत संरचना के विकास के लिए लगभग 13,500 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है,

जिसे जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है। औद्योगिक सुविधाओं के विकास में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) माडल को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गया और बोधगया की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए मगधके नाम पर टाउनशिप और सांस्कृतिक विरासत केंद्र स्थापित करने की योजना है। इससे पर्यटन, स्थानीय कारोबार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। गया को दुबई और काठमांडू से हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। भागलपुर और सोनपुर समेत अन्य क्षेत्रें में हवाई संपर्क के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्टील एवं मेटल, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन और जैव ईंधन जैसे क्षेत्रोंमें निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकारका लक्ष्य निवेश प्रस्तावोंको वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओंमें बदलना और युवाओंको प्रदेशमें ही रोजगार उपलब्ध कराना है।

बिहार बिजनेस कनेक्ट-2027 का आयोजन 17 और 18 फरवरी को होगा। इसके माध्यम से देश-विदेश के निवेशकों को राज्य की औद्योगिक नीतियों, आधारभूत संरचना और निवेश के अवसरों से अवगत कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बिहार फाउंडेशन के जरिए 55 देशों में जुड़े प्रवासी बिहारियों से मातृभूमि के विकास में भागीदारी निभाने और राज्य की नई औद्योगिक पहचान को दुनिया तक पहुंचाने की अपील की।

कार्यक्र में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह सहित कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जापान, थाईलैंड और लाओस के राजदूतों के साथ उद्योगपति एवं निवेशक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

मारपीट में महिला समेत कई घायल दोनों पक्षों ने दर्ज करायी प्राथमिकी

शेरघाटी (आससे)। शेरघाटी शहरके हटिया मुहल्ला स्थित दरबार हाउस के निकट हुई मारपीट की घटनामें दोनों पक्षोंकी ओर से कानूनी कार्रवाई की गई है। मामलेमें पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्जकर करीब 10 लोगोंको आरोपी बनाया है। घटना में आधा दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। पुलिसके अनुसार, मारपीट के दौरान अजय सिंह ऊर्फ विक्कु सिंह और मनोरमा देवी के घायल होने की जानकारी मिली है। मनोरमा देवी को गंभीर चोटें आई हैं। उनका हाथ फैक्चर होने के साथ सिर में भी गंभीर चोट लगने की बात सामने आई है।

थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि अजय कुमार सिंह ऊर्फ विक्कु सिंह की शिकायतपर संदीप कुमार पांडेय के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, संदीप कुमार पांडेयकी ओर से भी दूसरे पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस दोनों प्राथमिकी के आधारपर मामले की छानबीनकर रही है। घटनाके कारणों और मारपीटमें शामिल लोगों की भूमिका की जांचकी जा रही है। थानाध्यक्षने कहा कि जांचमें दोषी पाए जानेवालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गया में औद्योगिक कारिडोर से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : डा. प्रेम कुमार

बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए विस अध्यक्ष

बोधगया (आससे)। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने कहा कि गया में औद्योगिक कारिडोर और पहल को गया सहित आसपासके क्षेत्रोंके आर्थिक विकासकी दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

मैन्युफैक्चरिंग सिटी के विकास से औद्योगिक गतिविधियोंको बढ़ावा मिलेगा। इससे निवेश आकर्षित होने के साथ स्थानीय युवाओंके लिए रोजगार और उद्यमियोंके लिए नए अवसर सृजित होंगे। डा. प्रेम कुमार शनिवार को बोधगया स्थित वेलकम होटल, आईटीसी में बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी गया लिमिटेड (बीआईएमसीजीएल) के शुभारंभ एवं बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल और केंद्र एवं राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से बिहार में औद्योगिक विकास की नई संभावनाएं खुल रही हैं। बिहार प्रतिभा, मानव संसाधन और उद्यमशीलता से समृद्ध राज्य है। स्थानीय संसाधनों को आधुनिक तकनीक और निवेश से जोड़कर विकास को गति दी जा सकती है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गयाजी और बोधगया की अंतरराष्ट्रीय पहचान के साथ क्षेत्र में औद्योगिक विकास की भी व्यापक संभावनाएं हैं। मैन्युफैक्चरिंग सिटी से छोटे एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय बाजार मजबूत होंगे।

उन्होंने बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027 को निवेशकों और उद्यमियों के लिए प्रभावी मंच बताते हुए युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। उन्होंने औद्योगिक विकासके साथ पर्यावरण संरक्षण, श्रमिकों के हितों और स्थानीय युवाओंके कौशल विकास को प्राथमिकता देनेकी आवश्यकता जताई। डा प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से गया औद्योगिक विकासका महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और बिहार की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

MAHARAJA LOTTERY
24.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	48
09.00	M-Two	02
09.30	M-Three	50
10.00	M-Four	61
10.30	M-Six	74
11.00	M-Eight	42
11.30	M-Nine	71
12.00	M-Ten	33
12.30	M-Eleven	11
01.00	M-Tweleve	06
01.30	M-Fourteen	84
02.00	M-Fifteen	00
02.30	M-Seventeen	22
03.00	M-Eighteen	33
03.30	M-Nineteen	72
04.00	M-Twenty	42
04.30	M-Twenty-one	14
05.00	Mahajara Twenty	39
05.30	Mahajara Twenty one	78
06.00	Mahajara Twenty	18

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

पितृपक्ष मेले में बेहतर व्यवस्था के लिए सीएम ने प्रशासन को सराहा

11 प्रशासनिक अधिकारी हुए सम्मानित

बोधगया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला-2026 के ऐतिहासिक, भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन पर गया जिला व पुलिस प्रशासन की जमकर सराहनाकी है। इस वर्ष मेले में 50 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने

गयाजी पहुंचकर अपने पूर्वजोंका पिंडदान और तर्पण किया। भारी भीड़ के बावजूद सुरक्षा, स्वच्छता और आवागमन की बेहतरीन व्यवस्था सुनिश्चित करने को मुख्यमंत्रीने प्रशासन की बड़ी उपलब्धि बताया है। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने यहाँ की व्यवस्था पर गहरा संतोष व्यक्त किया है। इस वृहद आयोजनको सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने और उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन, स्वास्थ्य व सुरक्षा सेवाओंका निर्वहन करने वाले जिला व पुलिस प्रशासन के 11 वरीय पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित अधिकारियोंमें नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार, ग्रामीण एसपी दिव्यांगजली जायसवाल, उप विकास आयुक्त शंकर दास, एडीएम परितोष कुमार, मो. सफीक अपर जिला दंडाधिकारी, विधि-व्यवस्था, कुमार पंकज अपर समाहर्ता, आपदा रविशंकर शर्मा अपर समाहर्ता, विभागीय जांच अनिल कुमार रमन अनुमंडल पदाधिकारी, सदर सरोज कुमार शाह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर-1, धर्मेंद्र कुमार भारती अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर-2, डा राजाराम सिविल सर्जन, गया आदि शामिल है। विभिन्न विभागोंके आपसी तालमेल और सामूहिक प्रयासोंसे संपन्न यह ऐतिहासिक आयोजन आज पूरे गया जिलेके लिए गौरव का पर्याय बन गया है।

छह लाख रुपये लूट कांड में शामिल अभियुक्त गिरफ्तार

आमस (ससू)। आमस थाना क्षेत्रमें छः लाख रुपये लूटकांड के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तकी पहचान बाराचटी थाना क्षेत्र के गजरागढ़ गांव निवासी सिराजुद्दीनके पुत्र मो. मेराज आलमके रूप में हुई है।जिसे कानूनी प्रकियाके बाद उसे न्यायिक हिरासतमें जेल भेज दिया गया है। आमस थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमारने बताया कि आमस थाना क्षेत्रके कूड़ासीन गांवके पास इसी वर्ष 20 मार्चको छः लाख रूपये लूटकांड की घटनाको अंजाम दिया गया था। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा थाने में आवेदन दिया गया था। जिसके बाद आमस पुलिस ने इस संबंध में आमस थाना कांड संख्या 105/26 (बीएनएस) की धारा 309 (4) के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले को गंभीरता से लेते हुए जाँच पड़ताल शुरू कर दिया था।जांच पड़ताल के क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट कांड में शामिल अप्राथमिकी अभियुक्त मो. मेराज आलम को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

ऊर्जा, टेक्सटाइल, आटोमोबाइल और फूड प्रोसेसिंग में आत्मनिर्भर बनेगा बिहार: सम्राट

गया में 4,092 करोड़ के निवेश प्रस्तावोंपर 12 कंपनियोंसे एमओयू

बोधगया (आससे)। बिहारमें औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में उद्योग विभाग की ओर से बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी गया लिमिटेड के लोगो एवं वेब पोर्टल का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि बिहार उद्योगों की स्थापना और निवेशके लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रहा है। सरकार का लक्ष्य राज्य में औद्योगिक गतिविधियोंका विस्तार कर युवाओंके लिए रोजगारके नए अवसर सृजित करना है। कार्यक्रम में 12 औद्योगिक इकाइयोंके साथ कुल 4,092 करोड़ रूपयेके निवेश प्रस्तावों से संबंधित समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इनमें मिंट लाइफ साइंसेज के 1,500 करोड़, एबीआईएस ग्रुप के 600 करोड़, बायोहील एनर्जी के 510 करोड़, जियोफास्ट इंडस्ट्रीज के 500 करोड़ और कुमार आर्गेनिक्स के 300 करोड़ के प्रस्ताव प्रमुख हैं। अन्य सात कंपनियों ने भी निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बीआईएमसीजीएल बिहार को प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनानेकी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमारने बताया कि यहां आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के विकास और निवेश प्रस्तावों के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया जाएगा।

मिंट लाइफ साइंसेज करेगी 1,500 करोड़ का निवेश

निवेश प्रस्तावों में मिंट लाइफ साइंसेज की ओर से 1,500 करोड़ रुपये, एबीआईएस ग्रुप की ओर से 600 करोड़, बायोहील एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 510 करोड़ और जियोफास्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से 500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है।

इसके अलावा कुमार आर्गेनिक्स 300 करोड़, जियाना इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड 206 करोड़, नालंदा आटोमेक प्राइवेट लिमिटेड 120 करोड़, अमरनाथ टेक्सटाइल 110 करोड़ और मां भद्रकाली एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्राइवेट लिमिटेड 95 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। शिवा एग्रो नेचुरल प्रोडक्ट्स

प्राइवेट लिमिटेड और वास्तु विहार बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के 51-51 करोड़ तथा कनकलया ज्वेलरी के 50 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव भी शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम माँझी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विस अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार, बिजेंद्र यादव, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, मंत्री संतोष सुमन, विधायक ई कुमार सर्वजीत, ज्योति मांझी, मनोरमा देवी, बीरेन्द्र सिंह, अजय दांगी, रोमित कुमार, उपेंद्र प्रसाद, उदय सिंह, दीपा कुमारी, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

इसके पूर्व शनिवारको मुख्यमंत्री, बिहार के गया एयरपोर्ट आगमन पर पुलिस महानिदेशक, बिहार, पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र, गया, जिला पदाधिकारी, गया, वरीय पुलिस अधीक्षक, गया एवं नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गया पुलिस द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को विधिवत गार्ड आफ आनर प्रदान किया गया।

बिहार में औद्योगिक विकास को नयी गति, निवेश से युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार: डा. संतोष सुमन

गयाजी। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डा. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। पार्टी के संरक्षक एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी जी का गरीबों, वंचितों और समाजके अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थानका संकल्प भी विकास की इस सोचको मजबूती देता है। गया में आयोजित बिजनेस कनेक्ट कार्यक्रम बिहार की औद्योगिक संभावनाओं को नई पहचान देने की दिशामें महत्वपूर्ण पहल है। गया के डोभी सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रें में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होने से निवेश, रोजगार और आर्थिक विकासके नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

डा. सुमन ने कहा कि बिहारमें निवेश का वास्तविक लाभ यहाँ के युवाओं को मिलना चाहिए। उद्योगों की जरूरतके अनुरूप स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए। महादलित, दलित, अतिपिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के युवाओं को भी इन अवसरों में भागीदारी मिलनी चाहिए, ताकि उन्हें अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोजगार प्राप्त हो और दूसरे राज्यों में पलायन की मजबूरी कम हो। उन्होंने कहा कि बिजनेस कनेक्ट जैसे आयोजनों की सफलता निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने, नए उद्योग स्थापित करने और वास्तविक रोजगार सृजित करने से तय होगी। गया और मगध क्षेत्र के साथ पूरे बिहार में औद्योगिक विकास का विस्तार स्थानीय कारोबारको मजबूती देने तथा युवाओं के भविष्य को बेहतर बनानेमें सहायक होगा। विकासकी प्राथमिकता ऐसी होनी चाहिए, जिससे निवेश के साथ रोजगार बढ़े और उसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यद्रि तक पहुँचे।

संगम
Date : 24.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	17	02.30 p.m.	37
09.30 a.m.	29	03.00 p.m.	81
10.00 a.m.	36	03.30 p.m.	79
10.30 a.m.	88	04.00 p.m	61
11.00 a.m.	54	04.30 p.m.	27
11.30 a.m.	77	05.00 p.m.	98
12.00 noon	72	05.30 p.m.	37
12.30 a.m.	58	06.00 p.m.	84
01.00 p.m.	15	06.30 p.m.	69
01.30 p.m.	33	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	41	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	06	02.30 p.m.	24
09.30 a.m.	45	03.00 p.m.	88
10.00 a.m.	20	03.30 p.m.	70
10.30 a.m.	29	04.00 p.m.	33
11.00 a.m.	50	04.30 p.m.	92
11.30 a.m.	06	05.00 p.m.	94
12.00 noon	41	05.30 p.m.	50
12.30 a.m.	55	06.00 p.m.	84
01.00 p.m.	39	06.30 p.m.	60
01.30 p.m.	06	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	83	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	48	02.30 p.m.	62
09.30 a.m.	33	03.00 p.m.	31
10.00 a.m.	39	03.30 p.m.	18
10.30 a.m.	14	04.00 p.m.	73
11.00 a.m.	07	04.30 p.m.	67
11.30 a.m.	98	05.00 p.m.	54
12.00 noon	20	05.30 p.m.	26
12.30 a.m.	64	06.00 p.m.	52
01.00 p.m.	80	06.30 p.m.	54
01.30 p.m.	84	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	57	Contact for result :	

011-40451993, 011-40451994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	67	MILLENNIUM	2.00 p.m.	92
SUBEHA	9.00 a.m.	92	100	2.30 p.m.	95
KIRAN	9.30 a.m.	81	DIAMOND	3.00 p.m.	00
HINDUSTANI	10.00 a.m.	56	SONA	3.30 p.m.	79
PRABHAT	10.30 a.m.	64	EXPRESS	4.00 p.m.	83
LAJBAB	11.00 a.m.	91	SPECIAL	4.30 p.m.	01
SAMRAT	11.30 a.m.	79	SANDHYA	5.00 p.m.	63
DELUX	12.00 noon	30	CHANDANI	5.30 p.m.	68
AFTERNOON	12.30 a.m.	56	SHAM	6.00 p.m.	54
KING	1.00 p.m.	65	EVENING	6.30 p.m.	92
ROYAL	1.30 p.m.	57	Check result with official website/Gzt.		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री
Date : 24.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	06	02.00 p.m.	47
09.30 a.m.	02	02.30 p.m.	16
10.00 a.m.	74	03.00 p.m.	29
10.30 a.m.	49	03.30 p.m.	58
11.00 a.m.	58	04.00 p.m.	74
11.30 a.m.	16	04.30 p.m.	65
12.00 noon	21	05.00 p.m.	00
12.30 p.m.	05	05.30 p.m.	49
01.00 p.m.	70	06.00 p.m.	21
01.30 p.m.	33	06.30 p.m.	17

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608

महिला के बैग से 20 हजार की चोरी

कोंच (आससे)। कोंच थाना क्षेत्र में बैंक से रुपये निकालने के बाद महिला के झोले से 20 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। सिंघड़ा निवासी मंजू देवीने अज्ञात के खिलाफ कोंच थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि मंजू देवी उसास-देवरा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 20 हजार रुपये निकालकर देवरा बाजार में बड़ौदा बैंक सीएसपी के पास स्थित साइबर कैफे में आधार अपडेट कराने गई थीं। इसी दौरान किसी अज्ञातने झोले में रखे रुपये निकाल लिए और फरार हो गया। महिला ने अपने बैग में रखे रुपए ढूंढने लगे तो गायब पाया गया। बैग में रखे रुपए नहीं मिलने की उपरांत कोई थानामें महिला ने लिखित आवेदन दिया है थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले की जांच की जा रही है।

220 लीटर देसी शराब के साथ महिला सहित दो तस्कर गिरफ्तार

मानपुर। बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गैरे रोड कलाली मोड़ के सामीपदेसी शराब के साथ एक माहिलाओर एक युवक को पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया और टोटो को जप्तकर बुनियादगंज थाना लाया गया। थाना प्रभारी बुनियादगंज डा नरेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की वाराणसी इंटरसिटी ट्रेन से अवैध शराब आई है पुलिस ने देर ना करते हुए छापेमारी की तो एक महिला टोटो से भारी मात्रा में देसी शराब लेकर जा रही थी तभी पुलिस ने टोटो चालक रोहित कुमार पिता अनिल सिंह को पकड़ कर थाने लाई है उन्होंने 220 लीटर देसी शराब के महिला एवं रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया एवं टोटो को जाप कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

करंट लगने से मौत

डोभी (आससे)। डोभी गांव निवासी श्याम सुन्दर यादव ऊर्फ समुन्दर यादव की मृत्यु बिजली करंट लगनेसे हो गई। वे खेत मे पानी पटाने के लिए अपने खेत के समीप बोरिंग के मोटर स्टार्ट करने गए थे जिसमे करंट आ गया था। उससे करंट लगा और मृत्यु हो गई। डोभी पुलिस द्वारा शवको बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल गया भेजा गया।

एससी/एसटी एक्ट के आरोपित गिरफ्तार

इमामगंज (संसू)। थाना क्षेत्रके कुजेसर गांव से पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि परवेश कुरैशी पर एससी/एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज था। पुलिसने उसे घर से गिरफ्तार किया। इसके बाद न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

Arcil

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन नं.-यू 65999 एमएच 2002 पीएलसी 134884 *वेबसाइट: www.arcil.co.in

पंजीकृत कार्यालयः द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028 । दूरभाष । सं.: 022-66581300

डिमांड नोटिस

चूंकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) के आधिकृत अधिकारी (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के रूप में कार्य करना) (इसके बाद ''एआरसीआईएल'' के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत शामिल है और एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत है भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके पश्चात ''सरफेसी अधिनियम'' के रूप में संदर्भित) और जबकि उधारकर्ता (ओ)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) के रूप में नीचे के कॉलम नंबर 2 में उल्लेख किया उल्लिखित चार्ट में मूल उधारदाताओं के ऋण प्राप्त किया और जबकि एआरसीआईएल ने ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया है यहां नीचे उल्लेख किया गया है और जबकि एआरसीआईएल सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित लेदान है। और के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के नियम 2 के साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002, उधारकर्ता(ओं) को बुलाते हुए मांग नोटिस जारी किया/सह-उधारकर्ता (ओ)/गारंटर(ओं) जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है, नोटिस में उल्लिखित राशि को 60 दिनों के भीतर और आगे ब्याज के साथ चुकाने के लिए नोटिस की तारीख से,लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ पर नोटिस नहीं दिए जा सके।

क्रं. सं.	लेन/मूल ऋणदाता का नाम डिमांड नोटिस की तारीख/ट्रस्ट का नाम	उधारकर्ता(ओ)/सह-उधारकर्ता (ओं)/गारंटर	कुल बकाया भारतीय रुपये की मांग नोटिस की तारीख सं
1.	एलएएनः HLO5MUZ000067340 मूल ऋणदाता : में. चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि 24.09.2026 ट्रस्ट का नाम : आर्किल-ट्रस्ट-2026	श्री/श्रीमती सुशांत कुमार झा श्री/श्रीमती दीपक झा श्री/श्रीमती अंजु का सभी निवासी-वार्ड नं.-3 येहीयारपुर इंदिरा नर्सिंग होम, चक मोहब्बत मुजफ्फरपुर, इंदिरा नर्सिंग होम मुसाहारी बिहार-842002, यहां भी खाता सं.-35, खेसरा नं.-261, 262, 263, थाना सं.-99 समस्तीपुर गढ़सिसिया विद्यापतिनगर, समस्तीपुर हनुमाननगर मंदिर समस्तीपुर-848503	24.09.2026 को 15,93,292.27 रुपये
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण : खाता सं.-35, खेसरा सं.-261/262/263, मौजा समस्तीपुर, परगना-बालागच, थाना-विद्यापतिनगर थाना सं.-99, अंचल-विद्यापतिनगर, सब रजिस्ट्री-दलसिंगसराय, जिला-समस्तीपुर, राज्य बिहार-848501 साईट के तहत/वास्तवित उत्तर-चंदन कुमार झा का घर, दक्षिण-शैलेन्द्र कुमार झा का घर, पूरब-10 फीट पीसीसी रोड, पश्चिम-परमानंद झा का घर, डीड के अनुसार उत्तर-चंदन कुमार झा, दक्षिण-शैलेन्द्र कुमार झा, पूरब-सोलिंग रास्ता, पश्चिम-सीमा आलमपुर		
2.	एल.ए.एन. HL25SMR000075793 मूल ऋणदाता : में. चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि : 24.09.2026 ट्रस्ट का नाम : अर्सिल-ट्रस्ट-2026-028	श्री/श्रीमती प्रवीण कुमार श्री/श्रीमती उमा देवी सभी निवासी-वास्ते सुशील कुमार सिंह, वार्ड नं.-03 भिलबास यूआरएफ गरहा सीतामढ़ी बिहार-843323, दुर्गा मंदिर रून्नीसैदपुरबिहार-843323 यहां भी : मौजा भिलवारा, थाना-रून्नीसैदपुर, थाना सं.-65, खाता सं.-193, खेसरा सं.-78, अंचल रून्नीसैदपुर सब रजिस्ट्री-बेलसंड, जिला-सीतामढ़ी बिहार, पिन-843323, एन.ए. स्कूल के निकट 780 रून्नीसैदपुर बिहार-843323	24.09.2026 को 14,87,824.15 रुपया
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरणः खाता सं.-193, खेसरा सं.-780, मौजा-भिलवारा, अंचल रून्नीसैदपुर, सब रजिस्ट्री-बेलसंड थाना-रून्नीसैदपुर, थाना-65, जिला-सीतामढ़ी-843323, सीतामढ़ी बिहार, जांच के तहत उत्तर-अमीरीलाल राय, दक्षिण-जियालाल राय, पूरब-सड़क-ग्रामीण, पश्चिम-सड़क-ग्रामीण, डीड के अनुसार-उत्तर-सर्वे सं.-779, दक्षिण-जियालाल राय, पूरब-सड़क ग्रामीण, पश्चिम-सड़क ग्रामीण।		

नोटिस, इसलिए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओ)/गारंट(ओं) को दिया जाता है कि ऊपर उल्लेख किया गया है, उन्हें भुगतान करने के लिए कहा जाता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर, संबंधित लेन के खिलाफ ऊपर दिखाए गए कुल बकाया राशि में से। मामले में विफलता संबंधित उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) द्वारा ब्याज के साथ/कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए, एआरसीआईएल करेगा सरफेसी अधिनियम के लिए धारा 13 (4) के अधीन उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए विवश होना। इसके अलावा, सेवा के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विहित अन्य शिष्टाचार में सूचना। आपको ध्यान देना होगा कि उक्त बंधक को भुनाया जा सकता जा सकता है प्रकाशन की तारीख से पहले किसी भी समय एआरसीआईएल द्वारा किए गए लागत, शुल्क और व्यय के साथ देय पूरी राशि का भुगतान करने पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (8) में विस्तृत रूप में बिक्री के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी या निजी उपचार के लिए।

सूचनाः- सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के संदर्भ में आपको इसके द्वारा स्थानांतरित करने और/या सुरक्षित से निपटने से रोका जाता है बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी तरीके के संपत्ति।

स्थान : बिहार
ह./-प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक 24.10.2026
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, (ट्रस्टी) के रूप में क्षमता)

Govt. of Bihar

Public Health Engineering Department

Public Health Division, Patna West, Patna

Short Term Request for Proposal for the work:-

"Selection of Experienced Manpower Placement Agency to Provide Call Centre Manager/ Executive/ Support Staff as per Pre-defined Qualification criteria for Existing Central Grievance Redressal System" for Public Health Engineering Department under P.H. Division, Patna West, Patna for the Year 2026-27.

RFP NIT No -14/ 2026-27/Patna West
National Competitive Bidding
(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

1	Designation and Address of Advertiser	Executive Engineer, P.H. Division, Patna West, Patna
2	Date of issue of Tender Notice	22.10.2026
3	Period of sale (downloading) of tender Bid Document	31.10.2026 to 07.11.2026 up to15:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
4	Date, time & place of pre-bid meeting	03.11.2026 at 11.30 hrs. in the Office of Executive Engineer, P. H. Division, Patna West, Patna
5	Last date and time of receipt (uploading) of tender	07.11.2026 up to 15:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
6	Date and time of opening of technical bid	07.11.2026 at 16:00 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
7	Date and time of opening of financial bid	To be informed later after the approval of technical bid.
8	Name of Work:- "Selection of Experienced Manpower Placement Agency to Provide Call Centre Manager/ Executive/ Support Staff as per Pre-defined Qualification criteria for Existing Central Grievance Redressal System" for Public Health Engineering Department under P.H. Division, Patna West, Patna for the Year 2026 -27.	

9. **Details of works:**

Gr. No.	Name of Work	Estimated Cost (In Rs.)	Amount of Earnest Money (In Rs.)	Cost of BOQ (non-refundable) (In Rs.)	BSEDC Bid Processing Fee (In Rs.)	Contract Period (In Months)
1	2	3	4	5	6	7
1	"Selection of Experienced Manpower Placement Agency to Provide Call Centre Manager/ Executive/ Support Staff as per Pre-defined Qualification criteria for Existing Central Grievance Redressal System" for Public Health Engineering Department under P.H. Division, Patna West, Patna for the Year 2026-27.	11,00,70,000.00	21,00,700.00 (MSME Firms are exempted for the payment of EMD)	10,000.00	11,800.00	36 Months

Sl. No.	Description	Documents To Be Attached With Technical Bid
i	The organization must be registered under any Indian Law.	Attach copy of Regist ration Certificate or Copy of Agreement.
ii	Must have registered office in Patna	Attach copy of Registration Certificate or Copy of Agreement.
iii	Must have ESI and EPF registration	Attach copy of ESI and EPF registration certificate
iv	Must have GST Registration Number	Attach copy of GST Registration
v	The agency must not be blacklisted by any department or government offices	Affidavit to Notary Public
vi	Minimum turnover must be more tha n Rs. 1000 Lakh at least in One year of last three years. FY 2023-24: FY 2024-25: FY 2025-26:	Audit Report & Balance Sheet for last three financial year with Valid UDI Number.
vii	Must have experience for Providing Call Centre Manager/ Executive/ Support Staff to Government Departments/ Government Owned Organizations (minimum 3 work order). Preference would be given to Agency who have supplied Technical Manpower (more than 25) for Call Centre of Govt./ PSUs	Attach copy of work order

Executive Engineer
Public Health Division
Patna West, Patna

PR- 014133 (PHED) 2026-27

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार